आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 25.11.25** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या राममंदिर के शिखर पर फहराई धर्म ध्वजा।
- राज्य मंत्रिपरिषद ने लिया बड़ा निर्णय–प्रत्यक्ष प्रणाली से निकाय चुनाव का प्रस्ताव स्वीकृत।
- आकाशवाणी की नई पहल, कल उज्जैन आकाशवाणी केन्द्र का शुभारंभ करेंगे केन्द्रीय मंत्री एल मुरूगन।
- मौसम ने बदला करवट, ठंड में आई कमी।

**प्रधानमंत्री-अयोध्या**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई। यह मंदिर निर्माण के पूर्ण होने तथा सांस्कृतिक उत्सव और राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ध्वज भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र ध्वज इस बात का प्रमाण है कि अंततः असत्य पर सत्य की विजय होती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र इस देश के डीएनए में है-----

**शहीदी दिवस**

शिक्षा, आदर्शों तथा धर्म और मानवता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर देशभर में कई आयोजन हुए। **भोपाल** के गुरुद्वारों में ध्वज यात्राएं निकाली गईं। **खंडवा** में नगर कीर्तन और गुरमत समागम का आयोजन किया गया।

**कैबिनेट बैठक निर्णय**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रि–परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। इस बैठक में, नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस–नक्सली मुठभेड़ मे 19 नवम्बर 2025 को वीरगति को प्राप्त हुए निरीक्षक आशीष शर्मा के परिजन को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रदान की गयी। एक अन्य निर्णय के तहत मंत्रि–परिषद द्वारा प्रदेश में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं द्वारा कराए जाने संबंधी विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत किये जाने की स्वीकृति दी गयी है। मंत्रि–परिषद की निर्णयों की जानकारी देते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि भोपाल,मढ़ई और पचमढ़ी में शीघ्र ही वेलनेस सेंटर आरंभ किए जाएंगे, इसके लिए जमीन भी आवंटित कर दी गई है। साथ ही प्रदेश में वाइल्ड लाइफ टूरिज्म को बढ़ावा देने के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

## आकाशवाणी की नई पहल

अब मालवांचल की खबरें आपकी अपनी मालवी बोली में। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव जैन 26 नवंबर को आकाशवाणी उज्जैन के नए केंद्र का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर के साथ ही श्रोता पहली बार मालवी भाषा में समाचार सुन सकेंगे, जो क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति के संरक्षण को मजबूती देगा। मालवी समाचारों का प्रसारण 26 नवंबर से प्रतिदिन शाम 07 बजकर 20 मिनिट पर किया जाएगा। इसे श्रोता मीडियम वेव 188.32/1593 किलो हर्ट्ज पर और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल एप पर सुन सकेंगे। मालवांचल के लिए यह नई पहल आकाशवाणी की क्षेत्रीय पहुंच को और सशक्त बनाएगी। मालवी समाचार शाम 7 बजकर 20  मिनट पर प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से जरूर सुनें।

## श्रम कानून प्रतिकिया

ग्वालियर के संजीव शर्मा, बैंक मैनेजर ने श्रम संहिता सुधारों का स्वागत किया है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक कदम बताया जिससे लगभग 45 करोड़ असंरक्षित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाये जा सकेंगे और देश के कार्यबल में क्रांतिकारी बदलाव होगा।

## मौसम

प्रदेश में ठंड का दौर जारी है, हालांकि आज न्यूनतम तापमान में वृद्धि आने से ठंड में कमी आई है। राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान छतरपुर जिले में 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। प्रमुख शहरों के न्यूनतम तापमान को देखें तो भोपाल में 14, ग्वालियर में 10.6, इंदौर में 12.8, उज्जैन में 15 और जबलपुर में 14.5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ।

## शिवराज–लैंगिक समानता

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण पर एक राष्ट्रव्यापी अभियान, ''नई चेतना–पहल बदलाव की'', के चौथे संस्करण का शुभारंभ किया। श्री चौहान ने कहा कि समानता कोई नारा नहीं बल्कि भारत की संस्कृति की आत्मा है। समाज तभी सशक्त हो सकता है जब महिलाएँ सशक्त हों। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज महिलाएँ न केवल भारत के विकास में योगदान दे रही हैं, बल्कि एक विकसित राष्ट्र की प्रेरक शक्ति भी हैं।

## एस आई आर

चुनाव आयोग ने आज कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण-एस.आई.आर. के दूसरे चरण की शुरुआत से अब तक मतदाताओं के बीच 50 करोड़ 54 लाख से अधिक गणना फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। यह इस चरण में शामिल होने वाले लगभग 51 करोड़ मतदाताओं का 99 दशमलव एक-छह प्रतिशत है।

प्रदेश में भी मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एस.आई.आर. प्रक्रिया चल रही है। झाबुआ जिले में पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा करने के लिए कलेक्टर ने पेटलावद विधानसभा क्षेत्र के छापरी, भूराडाबरा, माछलिया और कालीदेवी पहुँचकर स्थल निरीक्षण किया। मंदसौर में विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ का कलेक्टर द्वारा सम्मान किया गया। नीमच जिले में 79.07 प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया गया है।

**इफ्फी-लघु फिल्म**

56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के एक सत्र में आज साईनाथ उस्कैकर निर्देशित लघु फिल्म **माई डैड इनवेंटेड द वड़ापाव** प्रदर्शित की गई।

यह फिल्म मुंबई के प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड **वड़ा पाव** की कहानी को खूबसूरती से बयां करती है। **वड़ा पाव** नाश्ता सिर्फ खाने की चीज़ नहीं है, यह शहर की ऊर्जा और ताकत को दर्शाता है। यह कहानी उस नाश्ते के बारे में है जिसे सबसे पहले 1960 के दशक में अशोक वैद्य ने दादर स्टेशन के पास बनाया था और जो जल्द ही मुंबई की व्यस्त और मिश्रित संस्कृति के लिए एक आदर्श नाश्ता बन गया।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुखर्जी नगर (कोलार) के बंजारी क्षेत्र में आयोजित विकास पर्व कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार गरीब, किसान, महिला एवं युवा कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुखयमंत्री ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर (कोलार) में आज 194 करोड़ रुपए लागत के विकास और जनकल्याण के तीन बड़े कार्य भोपालवासियों को समर्पित किए। इसमें कटारा-बर्रई क्षेत्र में नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण, कोलार में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम का लोकार्पण और अमृत 2.0 के अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य का शुभारंभ शामिल है।

**समाचार संक्षेप में : –**

- साँची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज़ का रजत जयंती समारोह सम्पन्न हुआ।
- खंडवा जिले में नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन एवं आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टाधिकार देने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है।
- अशोकनगर जिले में शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त करवाने की मुहिम के तहत ग्राम टकनेरी में अवैध कॉलोनी पर लगभग 10 करोड़ की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया है।
- भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मंगलवार 25 नवंबर को 4277 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है।
- छिन्दवाड़ा जिले के पांढुर्णा में "मुस्कान अभियान" के तहत समता कॉलेज पांढुर्णा और पंधराखेड़ी स्कूल में छात्रों को जागरूक किया गया।